दिन– रविवार दिनांक– 20 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र कल से शुरू हो रहा है। पच्चीस जुलाई तक चलने वाले सत्र के दौरान कुल पांच बैठके होंगी।

02. प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान नब्बे प्रतिशत मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा किए।

03. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आठ अगस्त को सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में बनने वाले माता जानकी मंदिर का शिलान्यास करेंगे।

04. और, गंगा, गंडक सहित राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

---

बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र कल से शुरू हो रहा है। पच्चीस जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान विधानसभा और विधान परिषद की कुल पांच बैठके होंगी। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने बताया कि सत्रहवीं विधानसभा का यह अंतिम सत्र है। श्री यादव ने कहा कि सत्र के पहले दिन चालू वित्तीय वर्ष का प्रथम अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा जाएगा, जबकि बाईस और तेईस जुलाई को विधायी कार्य निपटाए जायेंगे। चौबीस जुलाई को अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद के बाद मतदान होगा और सत्र के अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प लिये जायेंगे।

---

संसद का मानसून सत्र भी कल से शुरू हो रहा है। सत्र के सुचारू संचालन के लिए नई दिल्ली में आज सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में सरकार ने दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगा है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने शांतिपूर्ण संचालन में सहयोग का भरोसा दिया है। इक्कीस अगस्त तक चलने वाले सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा की कुल इक्कीस बैठके होंगी। विश्वास (संशोधन) विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक और मर्चेंट शिपिंग विधेयक समेत कई महत्त्वपूर्णा विधेयक पर चर्चा की जायेगी।

---

सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक बेहद रचनात्मक रही। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

———बाइट———

सरकार की ओर से हम लोगों से सारा प्वाइंट्स नोट किए हैं। हमने ये रिक्वेस्ट किया है कि सदन अच्छे से चले। इसके लिए पक्ष और विपक्ष मिलकरके हमको काम करना होगा। आपस में कार्डिनेशन अच्छे तरह से रखना होगा। हम पॉलिटिकल्स पार्टी अलग—अलग विचारधारा का हो सकता है, मगर सदन अच्छी तरह से चले ये सबका जिम्मेदारी है।

---

बिहार में चल रहे मतदाता सूची को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत नब्बे प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा किये है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर नब्बे दशमलव छह चार प्रतिशत निर्वाचकों से गणना प्रपत्र प्राप्त हो गये हैं। आयोग की ओर से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक की और जानकारियां दी। एक रिपोर्ट—

———बाइट———

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 88 दशमलव 25 प्रतिशत से अधिक फॉर्म को डिजीटली अपलोड किया जा चुका है। उन्होंने जिलावार प्रगति रिपोर्ट राजनीतिक दलों से शेष मतदाताओं से फॉर्म भरवाने में सहयोग की अपील की। गणना प्रपत्र जमा करने में पटना, पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, सुपौल, अररिया, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सिवान, सारण, वैशाली जैसे जिले अव्वल रहे हैं यहां 88 से नब्बे प्रतिशत गणना प्रपत्र जमा हो गये हैं। वहीं सीतामढ़ी, मधुबनी, किशनगंज, पूर्णियाँ और गोपालगंज जिले में बयासी से अट्ठासी प्रतिशत गणना फार्म जमा हुए हैं। गणना प्रपत्र डिजीटली अपलोड करने में लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, कैमूर, शेखपुरा और खगडिया जिले अव्वल हैं। इन जिलों में अबतक 91 प्रतिशत से अधिक गणना पपत्र अपलोड किये जा चुके हैं। गोपालगंज जिले में प्रगति बहुत धीमी देखी गयी है। समाचार कक्ष से बैजू कुमार झा।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय कुमार झा ने कहा है कि राज्य में मतदता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य बेहतर ढंग से चल रहा है। उन्होंने कहा कि

चुनाव आयोग एसआईआर के कार्य को निष्पक्ष ढंग से करा पूर्ण करा रहा है। श्री झा ने कहा कि जो देश के नागरिक हैं उन्हें ही वोट डालने का अधिकार मिलना चाहिए।

———बाइट———

---

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि अयोध्या की तर्ज पर सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में विकसित होने वाले माता जानकी के मंदिर का शिलान्यास आठ अगस्त को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे।

———बाइट———

---

पटना के निजी अस्पताल पारस एमआरआई में कुख्यात अपराधी चंदन मिश्रा की हत्या मामले में कोलकाता से गिरफ्तार मुख्य आरोपी तौसिफ राजा सहित चार आरोपियों को पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर पटना लायेगी। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा पटना में संवाददाताओं को आरोपियों की कल कोलकाता में हुई गिरफ्तारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

———बाइट———

इससे पूर्व वरीय पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने आज सुबह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने करीब पन्द्रह मिनट की मुलाकात के दौरान इस चर्चित हत्याकांड से जुड़ी अब तक की पुलिस कार्रवाई की जानकारी मुख्यमंत्री के साथ साझा की।

---

जनता दल यूनाइटेड के कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय कुमार झा ने कहा है कि बिहार में कोई संगठित अपराध नहीं है। दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत

करते हुए श्री झा ने कहा कि कानून व्यवस्था के प्रश्न पर विपक्ष लोगों को गुमराह कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज बिहार सबसे सुरक्षित जगह है।

---बाइट---

सूचना और जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूरी ऊर्जा के साथ बिहार को विकसित बनाने के लक्ष्य के लिए काम कर रहे है। समस्तीपुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री हजारी ने कहा कि विपक्ष मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य को लेकर भ्रम फैला रहा है। उन्होंने दावा किया की अगली सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही बनेगी।

---बाइट---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण प्रदेश की नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार गंगा नदी जलस्तर बक्सर से लेकर भागलपुर के कहलगांव तक सभी स्थानों पर बढ़ रहा है। पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में नदी खतरे के निशान से करीब आधा मीटर ऊपर बह रही है। वहीं, सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर और पुनपुन नदी का जलस्तर पटना के श्रीपालपुर में लाल निशान के ऊपर बना हुआ है। इधर, बुढ़ी गंडक नदी खगड़िया में लाल निशान को पार कर गई है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में चेतावनी स्तर के ऊपर बना हुआ है। कोसी नदी का जलस्तर भी कटिहार के कुर्सेला और किशनगंज के तैयबपुर में चेतावनी स्तर को पार कर गया है।

गंगा और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण दियारा क्षेत्रों में बाढ़ का पानी फैलने से दियारा क्षेत्रों के स्कूलों को अगले आदेश तक बंद करने के निर्देश दिए गई। पटना जिला प्रशासन ने आठ प्रखंडों के अठहत्तर स्कूलों को बंद कर

दिया है। जिला प्रशासन ने बख्तियारपुर, अथमलगोल, बाढ़, दानापुर, फतुहां, मनेर, मोकामा और पटना सदर के स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है।

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में मानसून की सक्रियता फिर बढ़ गयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत राज्य के विभिन्न भागों में मध्यम से भारी वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान कई स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात की घटना भी हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, पूर्णियां, अररिया और किशनगंज जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान राज्य के उत्तरी भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है।

———बाइट———

---

राज्य में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को मजबूत करने के लिए शीघ्र ही छह छोटे हवाई अड्डों से उड़ान सेवा शुरू की जायेगी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने इसके लिए चयनित एयरलाइन कंपनी स्प्रिट एयर एलएलपी को चिन्हित रूटों पर विमान संचालन के लिए इच्छा पत्र– लेटर ऑफ इंटेंट जारी किया है। कंपनी ने केन्द्र की उड़ान योजना के तहत राज्य के प्रस्तावित छह छोटे हवाई अड्डों मधुबनी, सहरसा, वीरपुर, वाल्मीकिनगर, मुंगेर और मुजफ्फरपुर से पटना के बिहटा एयरपोर्ट और वाराणसी एयरपोर्ट के लिए मार्ग की सूची जारी की है।

---

पटना में पन्द्रह अगस्त से मेट्रो रेल परिचालन शुरू करने के लिए पूणे से तीन कोच पटना पहुंच गए हैं। इन्हें आईएसबीटी डिपो में रखा गया है। जल्द ही उनकी अनलोडिंग और एसेंबलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। पहले चरण में बैरिया–आईएसबीटी से मलाही पकड़ी तक मेट्रो रेल का परिचालन किया जायेगा।

---

राष्ट्रवादी चेतना पार्टी के अध्यक्ष राम निरंजन राय ने कहा है कि उनकी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव मे अपने प्रत्याशी खड़े करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार का विकास उनकी पार्टी का मुख्य चुनावी मुद्दा होगा।

---

पश्चिम चंपारण के जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने लंबे समय से अपने कर्तव्यों की अवहेलना करने और अनुपस्थित रहने के आरोप में पिपरासी के अंचलाधिकारी शिवम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

---

राज्य अल्प संख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सरदार लखबिंदर सिंह लक्खा ने आज सासाराम में अल्प संख्यक कल्याण के लिए चलाई जा रही राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने सिख समुदाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के निदान का भरोसा भी दिया।

---

01. बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र कल से शुरू हो रहा है। पच्चीस जुलाई तक चलने वाले सत्र के दौरान कुल पांच बैठके होंगी।
02. प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान नब्बे प्रतिशत मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा किए।
03. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आठ अगस्त को सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में बनने वाले माता जानकी मंदिर का शिलान्यास करेंगे।
04. और, गंगा, गंडक सहित राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

---

समाप्त